गोली चली, एक की मौत, लाठीचार्ज हुआ

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो आरोपियों को भेजा जेल, एक आरोपी अभी पुलिस रिमाण्ड पर

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। कराहल में बीती रात एक हत्या के बाद जमकर उपद्रव हुआ। सड़कों पर लाठी डंडों के साथ उतरी भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के गोले छोड़ना पड़े।

थाना कराहल फरि. बाबूलाल पुत्र रामजीलाल आदिवासी उम्र 23 साल नि. पनवाडा ने रिपोर्ट की कि पुलिया वाला खेत ग्राम पनवाडा आरोपीगण जितेन्द्र जाट नि. सिलपुरी , जगवीर जाट नि. सिलपुरी , बलराम जाट , इंद्रजीत जाट , बजरंग जाट नि.गण शंकरपुर , पतासी देवी नि. सिलपुरी ने फरि को खेत में ट्रैक्टर चलाने की बात को लेकर फरि. व उसके भाई को जातिसूचक गालियां दी एवं रौड से मारा जिससे वह घायल हो गये । वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा

दौराने इलाज श्योपुर अस्पताल में मृत्यु हो गई । अप. क्र. 55/26 धारा 103(1),191 (3),296,115 (2) बीएनएस 3(2)(व्हीए) एससीएसटी एक्ट कायम कर लिया हैं। जिला श्योपुर में 23 मई को थाना कराहल क्षेत्र पनवाड़ा में जमीन जोतने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद कि स्थिति निर्मित हो गई जिसमें गोलीबारी में एक गंगाराम आदिवासी नाम के व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गए जिनकी मृत्यु हो गई । घटनाक्रम में थाना कराहल में अपराध क्रमांक 54/26 धारा 296,115(2),103(1) बीएनएस एवं एससी एसटी एक्ट की सुसंगत

धाराओं के अंतर्गत दर्ज कर घटना में संलिप्त 03 आरोपी जगवीर पुत्र सूरज सिंह जाट ग्राम पनवाड़ा,पतासी देवी पत्नी जगवीर जाट निवासी पनवाड़ा,बलराम पुत्र मनफूल जाट निवासी सिलपुरी थाना कराहल जिला श्योपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया आज न्यायालय में पेश किया गया आरोपी जगवीर जाट को पुलिस रिमांड पर लिया गया है शेष दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है । घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा ।

उधारी के पैसे के लेनदेन की बात को लेकर मारपीट

थाना कोतवाली में फरि. विशाल पुत्र हाकिम जाटव उम्र 23 साल नि. जेन होटल के पीछे श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 23.05.26 के 20.00 बजे स्थान- न्यू बस स्टैण्ड श्योपुर आरोपीगण मोनू जाटव 2. गोलू जाटव नि.गण जगजीवन रामनगर श्योपुर ने फरि को उधारी के पैसे के लेनदेन की बात को लेकर गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 23.05.26 के 20.40 बजे अप. क्र. 158/26 धारा 296 (बी),115 (2),351(3),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें -सीएस

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम सक्रिय रूप से संचालित किए जाएं तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज पेयजल संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर 1 से 3 दिवस के भीतर निराकरण किया जाए। साथ ही जहां पेयजल संकट की स्थिति हो, वहां तत्काल वैकल्पिक साधनों से पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर भी प्रतिबंध रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किए जाएं, ताकि पेयजल व्यवस्थाएं प्रभावित न हों। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, सीएमओ राधेरमण यादव, उपयंत्री पीएचई ओपी नागर आदि उपस्थित थे।

विजयपुर में सीएमओ के अभाव में सफाई व्यवस्था ठप्प

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 24 मई। नगर में सीएमओ मनोज शर्मा के निलंम्बन के बाद कलैक्टर मैडमजी ने नगर परिषद विजयपुर के सीएमओ का प्रभार एसडीएम अभिषेक मिश्र को प्रभार सौंपा गया है , नगर की सफाई व्यवस्था पर किसी का कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, नालीया चौक होने पर नगर परिषद के पीछे बनी संब्जी मंण्डी गेट पर नाली चौक हो जाने से पानी बस स्टैंड पर फ़ैल रहा है जिससे संब्जी मंण्डी जाने वाले आम आदमीयौ के इस रास्ते से निकले बाली मोटरसाइकिलों से पानी उच्चता है कपड़े खराब हो रहे हैं, अब आम आदमी कोसरहा है कि जब से नई परिषद चुनकर आई है , तभी से बिजयपुर नगर परिषद मैं कोई स्थाई सीएमओ नहीं टिक पाया 2022 से अभी तक इस निकाय मैं करीबन 10,12 प्रभारी सीएमओ

रह चुके हैं , विजयपुर नगर परिषद हमेशा बिबादौ मैं रही हैं इसीलिए नगर मैं आये दिन नगर मैं सफाई व्यवस्था समय पर नहीं हौने से नगर बासी दुखी हैं नगर के 15 बार्डो मैं सबसे ज्यादा गंन्दगी मंण्डी बार्ड क्रमांक 13 मैं गंन्दी गलीयो का मलबा बहकर मैं रोडौ पर बहरहा है दूसरी मंण्डी से मोहनपुरा रोड़ पर पानी निकासी नहीं होने से कहीं कहीं पानी भराब से भयंकर बदबू आती है ,इस रास्ते से निकले बारे राहगीरों को परेशानी होती है तथा बार्ड क्रमांक 2, 3, ,5 ,6 मैं भी सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो रही है अत: विजयपुर नगर की जनता अब प्रभारी सीएमओ एसडीएम अभिषेक मिश्र पर आष लगा रही है कि श्रीमान नगर की सफाई व्यवस्था ब नलौ से पेयजलापूर्ति पर आवश्यक कदम उठायेंगे ओर जनता की उक्त समस्या का समाधान करैंगे

अपेक्स के प्रशासक ने सदस्यता अभियान प्रगति की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव द्वारा आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुरैना की शाखा श्योपुर का निरीक्षण करते हुए सहकारिता, ऊर्जा संरक्षण, सदस्यता

श्योपुर कॉपरेटिव बैंक में किसानों से किया संवाद

महाअभियान एवं हरित सहकार अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

एक दिवसीय प्रवास पर श्योपुर पहुंचे म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल के प्रशासक श्री यादव द्वारा वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में नागरिकों से किए गए च्ईंधन बचाओ-ऊर्जा

बचाओज्ज के आह्वान का उल्लेख करते हुए सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ऊर्जा संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। साथ ही च्वोकल फॉर लोकलज्ज अभियान को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। प्रशासक द्वारा च्एक पेड़ माँ के नामज्ज वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बैंक मुख्यालय एवं पैक्स स्तर पर पौधरोपण के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर च्हरित सहकार अभियानज्ज के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अन्तर्गत 14 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे सदस्यता महा अभियान में अधिक से अधिक किसानो को सहकारी समितियों का

सदस्य बनाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य संपन्न किये जाने के निर्देश प्रशासक द्वारा प्रदान किये गए। इस अवसर पर प्रशासक श्री यादव द्वारा किसानो से ई-विकास प्रणाली अन्तर्गत ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था एवं अन्य विषयों के सम्बन्ध में संवाद किया गया। साथ ही बी-पैक्स संस्थाओं की वार्षिक आमसभा में चयनित सदस्य किसानों को सम्मानित किए जाने का सुझाव भी दिया गया। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल मकाश्रे, अभय प्रधान, ओएसडी प्रशासक, अपेक्स बैंक, श्योपुर के नोडल अधिकारी दिनेश गुप्ता एवं बैंक शाखा श्योपुर के शाखा प्रबंधक शिवदयाल गुप्ता उपस्थित थे। श्योपुर भ्रमण के दौरान अपेक्स बैंक के प्रशासक श्री यादव द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी संस्था श्योपुर का अवलोकन भी किया गया।

संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का संदेश

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुरैना के तत्वाधान में ग्रीन नोबल ऐज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी छतरपुर द्वारा विभिन्न सेवा सहकारी समितियों अंतर्गत आयोजित किये जा रहे वित्तीय साक्षरता शिविरों के क्रम में आज विजयपुर शाखा अंतर्गत

35 समितियों में चला जागरूकता अभियान, सहसराम में हुआ समापन

सहसराम, अरोंद एवं गसवानी समितियों में शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ अभियान का समापन सहसराम समिति में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक शिवदयाल गुप्ता, समिति प्रबंधक मुन्ना

धाकड़, रामभरत धाकड़, रामकुंवर शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, कृषक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रीन नोबल एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाषण, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों और किसानों को वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।इस अवसर पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, लघु एवं मियादी बचत योजनाओं, डिजिटल भुगतान, साइबर अपराधों से बचाव, बैंकिंग धोखाधड़ी से सुरक्षा तथा कालातीत ऋणों की वसूली संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर मिलने वाले नवीन ऋणों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में किसानों को धान उपार्जन हेतु एफएक्यू ग्रेडिंग कराकर फसल लाने के लिए प्रेरित किया गया तथा नरवाई एवं पराली नहीं जलाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को बैंकिंग योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं से जोड़ना रहा।

जल संरक्षण जागरूकता के लिए दीवार लेखन

श्योपुर, 24 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। दीवार लेखन, मानव श्रंखला, जल संवाद, चित्रकलां आदि गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जल का अपव्यय रोकने तथा वर्षा जल का भूमि में संग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अजनाल सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढोढर द्वारा ग्राम ढोढर में दीवार लेखन के माध्यम से जन जागरूकता की गई। उक्त कार्यक्रम में अजलान सेवा समिति के अध्यक्ष राजा खान, सचिव मुकेश मीणा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कलस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। जल जीवन मिशन अंतर्गत मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत क्रियान्वयन सहायक संस्था उन्नति फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत सलमान्या में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जल निगम अंतर्गत सहायक संस्था उन्नति फाउडेंशन द्वारा आयोजित कार्यशाला की ग्राम पंचायत सरपंच मनीराम आदिवासी एवं एस्क्यूसी मैनेजर सौरभ मिश्रा द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला की शुरूआत की गई।

एस्क्यूसी मैनेजर सौरभ मिश्रा एवं नितिन माथुर द्वारा मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की जानकारी प्रदान की गई जिसमें

बताया गया कि मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंगर्तग (समूह जल प्रदाय योजना) विकासखण्ड श्योपुर में 65 ग्राम आवंटित है एवं 6 ग्राम विकास खण्ड कराहल में आवंटित है इन सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था मूँझरी बांध के द्वारा प्रदाय की जाएगी तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा जिसे शुद्ध पेयजल सभी ग्रामीणजन को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। कार्यशाला में विभिन्न ग्रामों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा, स्वसहायता समूह अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं एसीएम हरिनिवास शर्मा, संस्था प्रमुख शिशुपाल सिंह राजावत, मोबिलाइजर संतराम आर्य, महावीर धाकड़ उपस्थित रहें।

विजयपुर में 1 दिन की ही शोपीस कार्रवाई

विजयपुर। विजयपुर में 1 दिन की ही शोपीस कार्रवाई बनकर रही , खुलेआम धडल्ले से खुलेआम घरेलू सिलेंडरों का दुकान दार कर रहे उपयोग , कोई डर ना कोई भय , आखिर गरीब जनता गोदाम पर जाकर लम्बी लम्बी लाइन लगाकर एक एक सिलेंडर के लिए तरस रही है , लेकिन सवाल यही है कि आखिर कार दुकानदारों को कहाँ से मिल जाते है ।

महिलाओं की सुरक्षा और महंगाई पर फैल हुई सरकार : जामिंत्री दादौरिया

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। आज श्योपुर पहुंची महिला कांग्रेस नेत्री श्रीमती जामिन्त्री जाटव दादौरिया प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस भोपाल एवं प्रभारी श्योपुर ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर महिला जिला संगठन में जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला सचिव एवं ब्लॉक अध्यक्ष के लिए बायोडाटा लिए। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती दादौरिया ने कहा कि प्रदेश की मोहन सरकार एवं केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं मंहगाई को रोकने में पूरी तरह असफल सिद्ध हुई है। एक तरफजहां पूरे देश में आमजन पेट्रोल, डीजल, गैस के दामों की बढ़ोत्तरी की मार झेल रहा है, तो वहीं प्रदेश में महिलाओं की आबरू तक सुरक्षित नहीं है। अपराध चरम पर है। माफिया खुले आम अपराध करके घूम रहे हैं। प्रदेश के मुखिया

मूकदर्शक बने हुए हैं।

इसी क्रम में श्रीमती दादौरिया ने पेट्रोल पंप पर कार्यकताओं के साथ जमकर नारे बाजी की और पेट्रोल, डीजल, गैस की बड़ी हुई कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकताओं के साथ पोस्ट ऑफिस पहुंच कर देश के प्रधानमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड भेज कर महिलाओं को आरक्षण दो, आज दो अभी दोष की मांग की गई। खास बात ये रही कि श्रीमती दादौरिया के नेतृत्व में महिलाएं बड़े हुए तापमान में भी तेज धूप की परवाह किए बगैर डटी रहीं। इस अवसर पर श्रीमति जामिंत्री जाटव दादौरिया महिला कांग्रेस नेत्री प्रभारी श्योपुर।

65 बसों की चैकिंग, 25 बसों पर हुआ चालान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ओवरलोड पर पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। श्योपुर यातायात , पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित बसों के विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा मापदंडों की पूर्ति न करने एवम् यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 25 यात्री बसों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट में यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की गई।

65 बसों की चैंकिंग की गई, अनियमितता पाए जाने पर 25 बस चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 21500 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया।

पात्रता से अधिक सवारी (ओवरलोड बस): 09, बिना अग्निशमक यंत्र: 10, बिना प्राथमिक उपचार किट:03, बिना ड्राइविंग लाइसेंस: 01, आदि में चालानी कार्यवाही की गई।

चेकिंग के दौरान शहर में अनधिकृत रूप से बिना दस्तावेज एवं नियम विरुद्ध संचालित यात्री बसों की यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुल 25 बसों पर कार्रवाई कर ?21500/का शमन जुर्माना किया गया। साथ ही बस संचालकों को बिना बीमा,फिटनेस, परमिट,लाइसेंस आदि दस्तावेजो व ओवरलोड सवारी बिठाकर वाहन न चलाने तथा अग्निशमक यंत्र ,मेडिकल किट बॉक्स, स्पीड गवर्नर, आकस्मिक निकास द्वार आदि सुरक्षा मापदंडों की पूर्ति के लिए हिदायत दी गई।

बसों की चेकिंग अभियान के

दौरान बस क्रमांक डच्31च्0155 अत्यंत कंडम हालत में पाई गई तथा बस क्रमांकदृ डच् 07च्1788, त्श्र25च्।4058, डच्31च्0153 उक्त तीनों बसों में आकस्मिक निकासी द्वार पर सीटें लगी हुई पाई गई तथा निकासी द्वार का मार्ग अवरुद्ध पाया गया। इसलिए उक्त चारों बसों के फिटनेस एवं परमिट निरस्त करने व वैधानिक करवाई किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्योपुर के द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लेख किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु 21 मई से 27 मई तक सख्ती से विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा यातायात टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथक' प्रथक चिन्हित स्थानों पर बसों की चौकिंग के दौरान बिना फिटनेस, बिना परमिट, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आदि तथा पात्रता से अधिक सवारी ढोने वाली बसें एवं बिना अग्निशामक यंत्र, बिना मेडिकल किट बॉक्स,बिना स्पीड गवर्नर, प्रेशर हॉर्न और बिना नंबर प्लेट की बसों की चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर कुल 25चालान बनाया जाकर 21500 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया। यातायात पुलिस की शहर के बस संचालकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये, तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। सुरक्षा मापदंडों जैसे अग्निशमक यंत्र मेडिकल किट बॉक्स तथा आकस्मिक निकासी द्वार आदि की पूर्ति रखें।

आज गंगा दशहरा पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रामेश्वर धाम पर

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम मानपुर में 25 मई को शाम 05 बजे से आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर मानव श्रंखला का निर्माण कर जल संरक्षण का संदेश दिया जायेगा तथा कलश पूजन के साथ ही कलश यात्रा निकाली जायेगी, इसके उपरांत संगम घाट पर नदी पूजन का कार्यक्रम होगा। त्रिवेणी संगम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या तथा जल संवाद के कार्यक्रम आयोजित होंगे, तदउपरांत सायं 7.30 बजे गंगा आरती व दीपदान होगा। इसी के साथ गंगा दशहरा के अवसर पर जिलेभर में दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन, कलश यात्राओं का आयोजन सहित वृक्षपूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी क्रम में नगरपालिका द्वारा सीप नदी के पंडित घाट पर, बडौदा में चन्द्रसागर तालाब पर तथा विजयपुर में क्वारी नदी पर भी समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित होगे। श्योपुर में सीप नदी जती घाट से पंडित घाट तक कलश यात्रा निकाली जायेगी तथा श्री भुवनेश्वर महादेव के पूजन उपरांत सीप नदी में दीपदान किया जायेगा और आरती होगी।